अमर उजाला 27-11-2025

# 10-10 हजार रुपये के चेक पाकर खिले मेधावियों के चेहरे

## मेधावियों ने कैबिनेट मंत्री अनिल विज और अमर उजाला का किया धन्यवाद, बोले- मिलेगी प्रेरणा



भविष्य ज्योति कार्यक्रम में संबोधित करते प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त। संवाद

माई सिटी रिपोर्टर

अंबाला। अमर उजाला ने बुधवार को छावनी के जीएमएन कॉलेज में भविष्य ज्योति सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रदेश के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज द्वारा जिले के चयनित मेधावियों को 12.50 लाख रुपये की आर्थिक सम्मान राशि का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में अंबाला सिटी से मेयर शैलजा संदीप सचदेवा बतौर मुख्य अतिथि तो विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राचार्य व स्वास्थ्य क्षेत्र के शिक्षाविद् डॉ. रोहित दत्त ने जिले के 125 विद्यार्थियों को यह चेक वितरित किए। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ।


इस दौरान मेयर शैलजा सचदेवा ने कैबिनेट मंत्री अनिल विज के इस सराहनीय कदम और अमर उजाला की इस पहल की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि यह सम्मान उनकी मेहनत का है।

बच्चों की जिम्मेदारी है कि वह इसी प्रतिभा के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने बच्चों को नशा जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने का आह्वान भी किया। वहीं प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने इस पहल की सराहना करते हुए मेधावियों को देश के प्रति अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों और अभिभावकों के बीच का रिश्ता किस प्रकार का होना चाहिए इसकी जानकारी दी, इसके अलावा उन्होंने बच्चों से स्क्रीन टाइम का प्रबंधन करने के लिए प्रेरित किया।



अंबाला छावनी के जीएमएन कॉलेज में अमर उजाला भविष्य ज्योति कार्यक्रम में चेक प्राप्त करने के बाद खुशी जाहिर करते छात्र व मेयर शैलजा संदीप सचदेवा, प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त। संवाद

### पंजाबी और फ्यूजन का दिखा अनोखा संगम



कार्यक्रम के शुभारंभ के बाद जीएमएन कॉलेज में नर्सिंग की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। इसमें सबसे पहले तो छात्रा स्वाती रावत ने गणेश वंदना की। इसके बाद अन्य छात्राओं ने पंजाबी और फ्यूजन नृत्य प्रस्तुत कर लोगों की तालियां बटोरीं। इस दौरान अमर उजाला की तरफ से मेयर शैलजा सचदेवा व प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने छात्राओं को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। सम्मान पाने वाली छात्राओं में महक, निधि, जसमीत कौर, ईशा, अंकिता, रमिंदर, नैन्सी, स्वाती रावत, अंजली, चारवी, अंशु, गुरलीन, मुस्कान व लवलीन शामिल रहीं।




अंबाला छावनी के जीएमएन कॉलेज में पंजाबी गीत पर नृत्य करतीं छात्राएं। संवाद

### कैबिनेट मंत्री ने दिया था अनुदान

अमर उजाला प्रत्येक वर्ष 10वीं व 12वीं के मेधावियों को सम्मानित करता है। उसी क्रम में मई में अंबाला सिटी में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ था, जिसमें कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने 125 मेधावियों को 10-10 हजार रुपये प्रति मेधावी के हिसाब से धनराशि को अपने स्वैच्छिक कोष से अमर उजाला को उपलब्ध कराया था। इस राशि के चेक का वितरण बुधवार को किया गया। कार्यक्रम में जिले से मेधावी आए थे। इस दौरान अभिभावक, मेयर के राजनैतिक सचिव मोहित आहलुवालिया, भाजपा नेता संजय लाखड़ा, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. चंद्रपाल पूनिया व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

अमर उजाला भविष्य ज्योति 2025




कार्यक्रम में छात्रा को चेक वितरित करतीं मुख्य अतिथि मेयर शैलजा संदीप सचदेवा और प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त। संवाद



अंबाला छावनी के जीएमएन कॉलेज में अमर उजाला भविष्य ज्योति कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि मेयर शैलजा संदीप सचदेवा, प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त, छात्र, अभिभावक व अन्य। संवाद